फागण खाटू धाम का | By Poonam Shukla

हुआ नज़ारा रंग रंगीला खाटू धाम का
आया रे फागण का मेला मेरे श्याम का

चले हैं प्रेमी खेलने होली सांवरिया के संग में
अपना तन मन रंगने को सांवरिया के रंग में
दीवानापन छाया सबपे श्याम के नाम का
आया रे फागण का मेला मेरे श्याम का

श्याम नाम की लूटते मस्ती चलते धूम मचाते
रींगस से पैदल आते सब श्याम ध्वजा लहराते
एक जैसा ही लगता नज़ारा सुबह शाम का
आया रे फागण का मेला मेरे श्याम का

धूम मची है खाटू नगरी मस्ती में मस्तानो को
नाच रही हैं टोलियां श्याम के दीवानो की
चिंता नहीं किसी को कुंदन अपने आराम का
आया रे फागण का मेला मेरे श्याम का

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ab%e0%a4%be%e0%a4%97%e0%a4%a3-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%a7%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a4%be-by-poonam-shukla/